दिन– शनिवार | दिनांक– 22 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – एनडीए सरकार उत्पादन को पुरस्कृत करने के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।

02 उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया – बिहार की न्यायपूर्ण मांगों को लेकर केंद्र सरकार ने दिया सकारात्मक जवाब।

03. उत्तर भारत में भारी बारिश के कारण गंगा समेत प्रदेश की कई नदियों में भारी उफान। बक्सर से लेकर भागलपुर तक निचले इलाकों में घुसा पानी।

04. और, आगामी रणजी सत्र की तैयारी के लिए बिहार के क्रिकेट खिलाड़ियों का फिटनेस एंड स्किल कैम्प आज से पटना में शुरू।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने लाइसेंस राज के दौरान उत्पादन को दंडित करने के अपने दृष्टिकोण में मौलिक परिवर्तन किया है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार अब प्रोडक्शन–लिंक्ड इंसेंटिव–पीएलआई योजना के जरिए उत्पाद को पुरस्कृत कर रही है। उन्होंने पिछली सरकारों पर जान–बूझकर चीजों की कमी बनाए रखने का आरोप लगाया।

——साउंड बाइट——

जहां पहले प्रोडक्शन बढ़ाने पर पनिशमेंट मिलता था, वही आज हमारी सरकार प्रोडक्शन बढ़ाने पर इंसेंटिव दे रही है। पी.एल.आई स्कीम की सक्सेस दुनिया देख रही है सिर्फ एक योजना की वजह से करीब ढाई लाख करोड रुपए का एक्चुअल इन्वेस्टमेंट हुआ है। 22 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रोडक्शन और सेल्स हुई 15 लाख करोड रुपए से ज्यादा का एक्सपोर्ट हुआ है और 14 लाख से ज्यादा डायरेक्टर और इनडायरेक्ट जॉब बनी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार सप्तधारा के तहत विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और हरित अर्थव्यवस्था सहित सात प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रही है।

——साउंड बाइट——

मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी और इनोवेशन मैंने ऐसे सात सेक्टर की बात की जिनपर भारत का आज बहुत ज्यादा फोकस है अब इसलिए भारत आज पॉलिसी लेवल पर नेक जेनरेशन रिफॉर्म्स कर रहा है ताकि हमारा फ्यूचर सुरक्षित हो। गवर्नेंस पर रिफॉर्म्स कर रहा है इस ऑफ लिविंग के लिए रिफॉर्म्स कर रहा है कि रिफॉर्म हमारे लिए कंपल्शन नहीं है, यह हमारा कमिटमेंट है यह हमारा कनविक्शन है।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कांग्रेस पार्टी पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के अपमान का आरोप लगाया है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री अठावले ने कहा कि जिस वंदे मातरम् गीत की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उसी गीत को अधूरा गाकर कांग्रेस पार्टी गैर संवैधानिक कार्य कर रही है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

उपमुख्यमंत्री सह–जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि केंद्र सरकार ने राज्य में बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन को लेकर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया है। श्री चौधरी ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कल मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पहल पर दिल्ली में हुई बैठक में राज्य की चिंता को केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष रखा गया। श्री चौधरी ने बताया कि कोसी–मेची लिंक परियोजना और अन्य परियोजनाओं में हो रही देरी को लेकर चर्चा की गई है।

––साउंड बाइट––

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बैठक में फरक्का बराज और भारत–बांग्लादेश जल संधि के मुद्दे पर राज्य की चिंता पर भी विमर्श हुआ।

––साउंड बाइट––

श्री चौधरी ने सभी मुद्दों पर केंद्र के सहयोगात्मक रवैये पर संतोष व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्र सरकार ने बिहार समेत चार राज्यों में नये इनक्यूबेटर लगाने के निर्णय को आगे बढ़ाने की पहल की है। इसके तहत आईआईटी, पटना की साझेदारी में प्रदेश में इनक्यूबेटर लगाया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय की आज नई दिल्ली में आयोजित सशक्त समिति की बैठक में दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के गैर–कृषि आजीविका घटक के अन्तर्गत विभिन्न प्रस्तावों की समीक्षा की गई। बैठक में महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों को मजबूत और व्यापक बनाने तथा स्वयं सहायता समूहों के छोटे उद्यमों को आगे बढ़ाकर विकास कार्यों को तेज करने करने पर सहमति बनी है। इस दौरान देशभर में छह करोड़ लखपति दीदियां बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने पर भी चर्चा हुई।

———————————————————————————

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन – ईपीएफओ ने प्रतिष्ठानों से आग्रह किया है कि वे ईपीएफ के दायरे से बाहर कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कर्मचारी नामांकन अभियान, दो हजार छब्बीस का लाभ उठाएं। इस अभियान का उद्देश्य नियोक्ताओं के स्वैच्छिक अनुपालन को सुगम बनाना और पात्र श्रमिकों को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा के लाभ प्रदान करना है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि यह अभियान इस वर्ष इकतीस अक्टूबर तक जारी रहेगा।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता के कारण प्रदेश में विभिन्न भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुयी हैं। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर मध्य से भारी वर्षा हो सकती है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

––साउंड बाइट––

———————————————————————————

उत्तर भारत में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश के कारण राज्य में गंगा, घाघरा, गंडक, बागमती, कोसी समेत विभिन्न नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी प्रदेश में सभी स्थानों पर खतरे के निशान के अत्यंत करीब पहुंच गयी है। नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान को पार कर गया है। गंगा नदी में भारी उफान से प्रदेश के कई निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। इधर, सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में लाल निशान को पार कर गया है। घाघरा नदी सीवान के दरौली में खतरे के निशान से लगभग आधा मीटर ऊपर बह रही है। बागमती नदी सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज में चेतावनी स्तर से करीब एक मीटर ऊपर बह रही है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया। इधर, कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से करीब पैंसठ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

———————————————————————————

गंगा और गंडक नदी में उफान के कारण सारण जिले के सबलपुर दियारा क्षेत्र में कई पंचायतों में कटाव का संकट बढ़ गया है। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आज कटाव प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। इधर, भोजपुर के जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने जिले के बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को लगातार निगरानी रखने को कहा है।

———————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी रणजी सत्र की तैयारियों को लेकर सीनियर टीम के खिलाड़ियों का फिटनेस एंड स्किल कैम्प आज से शुरू हो गया है। पटना के मोईनुल हक स्टेडियम में आयोजित शिविर में चयनित सत्तावन खिलाड़ियों में से अधिकांश खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। पहले दिन बीसीसीआई के निर्धारित मानकों के अनुसार खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट लिया गया। सत्तावन खिलाड़ियों की सूची में वैभव सूर्यवंशी, साकिब हुसैन समेत कई बड़े नाम शामिल हैं। गौरतलब है कि आगामी सत्र में बिहार की टीम एलीट ग्रुप में देश की प्रतिष्ठित टीमों के खिलाफ अपना मैच खेलेगी।

———————————————————————

मुंगेर में आज से तीन दिवसीय तेरहवीं राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इनडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में आठ वर्ष से पैंतालीस आयु वर्ग के राज्य के अट्ठाईस जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर दिसंबर में पटना में आयोजित होने वाली पचासवीं राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के बनकटवा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– सात सौ सत्ताईस पर आज सुबह सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी। जबकि कई अन्य लोग घायल हो गये। घायलों को बेतिया के जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना से आक्रोशित मृतक के परिजनों ने राजमार्ग पर मुआवजे और विभिन्न मांगों को लेकर सड़क जाम और प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हादसे में मृत लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने

अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज और पीड़ितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए क्लोरफेनिरामाइन मैलेट और फिनाइलएफ्रिन हाइड्रोक्लोराइड वाले सभी फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन वाले दवा के निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इन दावाओं पर स्पष्ट चेतावनी देना अनिवार्य किया है कि 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ये दवाएं नहीं दी जानी चाहिए। यह कदम छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। सरकार ने निर्माताओं को निर्देश दिया है कि इन दावाओं के लेवल पैकेज में दिए गए निर्देशों और प्रचार सामग्री पर स्पष्ट रूप से चेतावनी लिखी जाए। सरकार ने कहा है कि ऐसी दावों के इस्तेमाल से 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को जोखिम हो सकता है और इनके सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं। इस वर्ष जून में भी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने देशभर में लोगों के इस्तेमाल के लिए 16 फिक्स्ड डोज कांबिनेशन दावाओं के निर्माण बिक्री और वितरण पर रोक लगाई थी। शिवांग के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी, समाचार दिल्ली।

———————————————————————

सुपौल के वीरपुर स्थित भारत–नेपाल सीमा के पास सशस्त्र सीमा बल ने अभियान के तहत लगभग तीन सौ चार किलो गांजा जब्त किया है। वहीं, जिले के ललितग्राम थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनियां वार्ड संख्या–तेरह से पुलिस ने लगभग एक सौ चौंतीस किलो गांजा के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। मौके से तीन मोटरसाइकिल और आठ मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

———————————————————————

मुंगेर जिले के रामनगर थाना पुलिस ने तेलिया तालाब के पास वाहन जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन से दो सौ पचास लीटर विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

किशनगंज जिले में उत्पाद विभाग और जिला पुलिस की टीम ने अलग–अलग स्थानों पर छापेमारी दो सौ नब्बे ग्राम हेरोईन के साथ एक महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित दस अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————————

रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के टेढ़का मोड़ के पास सासाराम–तिलौथू पथ पर एक चार पहिया वाहन और ऑटो–रिक्शा की टक्कर में एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए।

———————————————————————

सीवान के सुभवंती नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने रिजल्ट में कथित गड़बड़ी और फीस के नाम पर अधिक रकम वसूली को लेकर हंगामा और प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और रिजल्ट में सुधार की मांग की।

———————————————————————

कैमूर के जिलाधिकारी सह–जिला सुरक्षा समिति के अध्यक्ष कुमार अनुराग ने आज समाहरणालय सभागार में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर समिति सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – एनडीए सरकार उत्पादन को पुरस्कृत करने के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।

02 उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया – बिहार की न्यायपूर्ण मांगों को लेकर केंद्र सरकार ने दिया सकारात्मक जवाब।

03. उत्तर भारत में भारी बारिश के कारण गंगा समेत प्रदेश की कई नदियों में भारी उफान। बक्सर से लेकर भागलपुर तक निचले इलाकों में घुसा पानी।

04. और, आगामी रणजी सत्र की तैयारी के लिए बिहार के क्रिकेट खिलाड़ियों का फिटनेस एंड स्किल कैम्प आज से पटना में शुरू।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।